Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problems of Sugarcane growers in Kushinagar, Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है ।

महोदय, कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के किसान गन्ने की खेती पर आश्रित हैं । मैंने पूर्व में सदन में एक मुद्दा उठाया था कि बढ़ती पैदावार और घटती हुई चीनी मिलों के कारण गन्ना किसान घोर संकट में हैं ।...(व्यवधान) गन्ना किसानों के लिए चीनी मिलों के अलावा उनकी खेती का मुख्य स्रोत सिंचाई है । सिंचाई की व्यवस्था में उन्हें मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की सुविधा मिली है ।...(व्यवधान) मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि गन्ना किसानों की सिंचाई का स्रोत मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के दोनों बैंक जगह-जगह से टूटे हुए हैं और रजबहा हेड से टेल तक इतने माइनर हैं, जिनमें हैड से टेल तक पानी नहीं पहुंचता है ।...(व्यवधान) इनके अलावा गन्ना किसानों को गन्ना पर्ची की समस्या भी आती है, क्योंकि निरंकुश अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यवस्था के चलते पर्ची का संकट भी गन्ना किसानों के सामने है ।...(व्यवधान) हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने, गन्ना टिकट आबंटन का जिम्मा मिल वालों के पास जब तक था, तब तक गन्ना माफियाओं द्वारा गन्ना किसानों का शोषण करने का क्रम चलता रहा ।...(व्यवधान) इस क्रम को बंद करने के लिए माननीय योगी आदित्यनाथ महाराज ने कमान संभालते ही गन्ना किसानों की सुविधा के लिए गन्ना टिकट आबंटन का जिम्मा मिल वालों से हटाकर सोसायटी के जिम्मे कर दिया ।...(व्यवधान) इसके कारण, गन्ना माफियाओं द्वारा जो गन्ना किसानों का आर्थिक शोषण किया जाता था, उस पर पूर्ण विराम लग गया ।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि गन्ना मूल्य भुगतान समय से चल रहा है, लेकिन हमारे कुशीनगर जनपद के कुछ गन्ना

किसान विशेष संकट में है।...(व्यवधान) लक्ष्मीगंज और छिटौनी मिलें, जो आज बंद हैं, उन पर कोई मुकदमा नहीं है । इनको पुन: चालू करने और कुशीनगर जनपद में एक इथेनॉल फैक्ट्री लगाने की कृपा करें।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री विजय कुमार दुबे द्वारा उठाए गए विषय से संबंद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।